श्री बबलू कुमार, माननीय स॰वि॰स॰ से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं॰ 18/02/2667 का उत्तर प्रतिवेदनः-

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः. क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के खगड़िया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कराचीन-बदलाघाट तटबंध के कि0मी0 29.00 से 35.00 के बीच तीन एंटी फ्लड स्लुईश गेट का निर्माण नहीं होने से भीषण जलजमाव की समस्या वर्षों से बनी हुई है, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 7500 एकड़ कृषि भूमि प्रभावित होती है, यदि हाँ तो सरकार उक्त स्थल पर कब तक स्लूईश गेट के निर्माण को स्वीकृति प्रदान कर कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि खगड़िया जिला के खगड़िया विधानसभा क्षेत्र में बागमती नदी पर कराचीन बदलाघाट तटबंध के कि0मी0 29.00 से कि0मी0 35.00 के बीच दहमा खैरी खुटहा पंचायत के सूरजनगर ग्राम के पास दहमा चौर अवस्थित है जिसका जल निकासी वर्तमान में वर्णित तटबंध के कि0मी0 35.24 पर निर्मित एण्टी फ्लड स्लूईस के माध्यम से बागमती नदी में होता है। वर्तमान में वर्णित चौर के निम्न तल पर जल जमाव की स्थिति है एवं शेष क्षेत्रों में किसानों द्वारा खेती कार्य किया जा रहा है। प्रश्नगत् स्थल से शीघ्र जल निकासी के उद्देश्य से सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। सर्वेक्षणोंपरान्त तकनीकी संभाव्यता के आधार पर योजना/प्राक्कलन तैयार करने की कार्रवाई की जायेगी।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(सम0)–05–104/2026– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18/2/2667 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(सम0)–05–104/2026– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(सम0)–05–104/2026– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(सम0)–05–104/2026– 1241 पटना, दिनांक– 17/03/2026
प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
16.03.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo